**जन संपर्क एवं मीडिया समन्वयक कार्यालय**
**जामिया मिल्लिया इस्लामिया**

प्रेस विज्ञप्ति 25 अक्तूबर 2018

**लड़कियों को साइबर क्राइम से बचाने पर जेएमआई में 'सुरक्षा कवच' अभियान**

जामिया मिल्लिया इस्लामिया :जेएमआईः में साइबर क्राइम विशेषज्ञों और पुलिस के आला अधिकारियों ने आज छात्रों, खासकर लड़कियों को आधुनिक युग के अपराध के जाल में फंसने से बचने के गुर सिखाए। इस बात के लिए प्रेरित किया कि ऐसा कुछ होने पर छात्राएं खामोशी अख्तियार करने की बजाए फौरन पुलिस या साइबर क्राइम ब्राचं में शिकायत दर्ज कराएं।

जेएमआई, दिल्ली पुलिस और नवभारत टाईम्स द्वारा विश्वविद्यालय में आयोजित 'सुरक्षा कवच' नामक सेमिनार में लड़कियों को विस्तार से यह जानकारी दी गई कि वे अपने को साइबर क्राइम से बचाने के लिए क्या एहतियाती कदम उठा सकती हैं।

साइबर क्राइम एक्सपर्ट, दिल्ली विश्वविद्यालय की प्रोफेसर पारोल सेनी ने कहा कि आज देश में करोड़ों लोग इंटरनेट से जुड़े हैं। लेकिन पूरी जानकारी नहीं होने की वजह से लोग, खासकर लड़कियां साइबर क्राइम का शिकार भी बन जाती हैं। उन्होंने इससे बचने के रास्ते बताते हुए सलाह दी कि ब्लू टूथ का लापरवाही से इस्तेमाल नहीं करें और फेक आई डी को समझने का गुण हासिल करें। उन्होंने कहा कि लड़कियां अपने दैनिक जीवन की जानकारी इंटनेट पर साझा नहीं करें, क्योंकि साइबर क्राइम से जुड़े लोग इसकी ताक में लगे रहते हैं। लड़कियों को यह सलाह भी दी गई कि वे हर 90 दिन में अपना पासवर्ड बदल लिया करें।

दिल्ली पुलिस के एडिशनल डीसीपी हरीश ने लड़कियों को आगाह किया कि कुछ गड़बड़ होने पर वे डर कर खामोशी अख्तियार करने की बजाय तुरंत दिल्ली पुलिस में शिकायत दर्ज कराएं। उन्होंने बताया कि दिल्ली पुलिस ने 'हिम्मत एप' नामक एक एप लड़कियों की सुरक्षा के लिए बनाया है। उन्होंने सलाह दी कि सभी लड़कियां इस एप को अपने मोबाइल में डाउनलोड करलें और कुछ भी गड़बड़ी का एहसास होने पर फौरन उस पर शिकायत करें।

जेएमआई के रजिस्ट्रार ए. पी. सिद्दीकी :आईपीएसः ने कहा कि स्कूलों से पास होकर यूनिवसर्टी और कॉलेज में आए नौजवान एक अलग ही तरह की आज़ादी को महसूस करते हैं लेकिन इस आज़ादी का इस्तेमाल करने के साथ ही लड़कियों को अपनी सुरक्षा संबंधी जिम्मेदारियों के प्रति भी हमेशा सतर्क रहना चाहिए। वे अपने को हर तरह से सुरक्षित बनाने के लिए सदा सतर्क रहें।

उन्होंने कहा कि लड़कियां, आधुनिक टेक्नोलॉजी का पूरा इस्तेमाल करने के साथ ही ऐसे काम से परहेज करें जो उनके भविष्य के लिए मुश्किल पैदा कर सकता हो।

दिल्ली पुलिस के एडिशनल डीसीपी : दक्षिण पूर्व दिल्लीः, घनश्याम बंसल ने लड़कियों को सलाह दी कि वे किसी नागवार वाक्यों से बचने के लिए हमेशा चौकस रहें और कुछ गलत होने का एहसास होते ही शिकायत दर्ज कराएं।

**अहमद अज़ीम**
**जनसंपर्क अधिकारी एवं मीडिया संयोजक**


NBT
सुरक्षा कवच
NBT
नवभारत टाइम्स
NBT
सुरक्षा कवच
NBT
सुरक्षा कवच
NBT
नवभारत टाइम्स
NBT
सुरक्षा कवच
Chief Guest


NBT
सुरक्षा
कवच
NBT


NBT
नवभारत टाइम्स
NBT
सुरक्षा
कवच
NBT Suraksha Kawach Seminar
on
Women Safety & Cyber Security


NBT
सुरक्षा कवच
NBT
नवभारत टाइम्स
NBT
सुरक्षा कवच


NBT
सुरक्षा
NBT
नवभारत टाइम्स